प्रथम सत्र

अभ्यास प्रश्नपत्र द्‌वितीय (2021-22)

हिन्दी पाठ्‌यक्रम- अ (कोड-002)

कक्षा - नवीं

निर्धारित समय-90 मिनट अधिकतम अंक-40

सामान्य निर्देश-

इस प्रश्नपत्र में कुल तीन खंड हैं- खंड-क, खंड-ख और खंड-ग ।

इस प्रश्नपत्र में कुल 10 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड-क में कुल 20 प्रश्न पूछे गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड-ख में कुल 20 प्रश्न पूछे गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल 16 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खंड-ग में कुल 14 प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर वाले गोले को भली प्रकार से केवल नीली या काली स्याही वाले बॉल पॉइंट पेन से ही ओ.एम.आर. शीट में भरें।

खंड - क

(अपठितअंश) अंक-10

1. नीचे दो अपठित गद्‌यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

आज कंप्यूटर का युग है। कंप्यूटर इस शताब्दी के प्रमुख आविष्कारों में से एक है। बच्चे कंप्यूटर के माध्यम से इण्टरनेट पर नयी से नयी जानकारी प्राप्त करते हैं। कंप्यूटर पर कई तरह के खेल भी खेले जा सकते हैं। कंप्यूटर एक विद्‌युत संचालित उपकरण है। इसमें बहुत अधिक मात्रा में सामग्री एवं आंकड़े संचित कर सकते हैं।लम्बी लम्बी गिनतियां, हिसाब किताब

और सोच विचार जिन्हें करने में इंसान अपनी पूरी ऊर्जा लगा देता था, आज कंप्यूटर द्वारा कुछ मिनटों में हो जाते हैं।कंप्यूटर के बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति और विकास करना सम्भव नहीं है। कंप्यूटर को मशीनी मस्तिष्क कहा जाता है। कंप्यूटर के बिना किसी भी क्षेत्र में प्रगति और विकास करना सम्भव नहीं है। पुस्तकालय, कार्यालय, बैंकों, फैक्ट्रियों आदि में कंप्यूटर का प्रयोग किया जाता है। आज डाकघर, रेलवे स्टेशन, सिनेमा हाल, मौसम कार्यालय, चिकित्सा क्षेत्रों सभी जगह कंप्यूटर पर काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिये कंप्यूटर विशेष रूप से उपयोगी है। कंप्यूटर पर विद्यार्थी ग्राफिक एवं डिजाइनिंग सीख सकते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी के लिये कंप्यूटर की शिक्षा जरूरी हो गयी है। विद्यालयों में सहस्रों परीक्षार्थियों की अंकतालिका, रोल नम्बर, फीस तथा पर्चों की जांच कंप्यूटर द्वारा की जाती है। भारत में कंप्यूटर सन् 1961 में आया था। पहले पहले हम जापान, रूस, अमेरीका, आदि अनेक उन्नत देशों से कंप्यूटर आयात करते थे। लेकिन हमारे देश में भी अब इसका निर्माण हो रहा है। हमारे यहां कंप्यूटर विज्ञान का प्रचार प्रसार भी बहुत बढ़ गया है। भारतीय कंप्यूटर इंजीनियरों का पूरे विश्व में सम्मान किया जाता है।

कंप्यूटर द्वारा काम करना सरल और तीव्र हो गया है, लेकिन कंप्यूटर भी कभी कभी बड़ी बड़ी भूलें करता है। आजकल कंप्यूटर वायरस से भी अधिक प्रभावित हो रहे हैं। फिर भी कंप्यूटर के बिना आधुनिक जीवन की कल्पना करना मुश्किल है।

(i) आजकल कंप्यूटर किस से अधिक प्रभावित हो रहे हैं?

(क) बैक्टीरिया।

(ख) वायरस।

(ग) फंगस।

(घ) कीटाणु।

(ii) किसी भी क्षेत्र में प्रगति और विकास किसके बिना असंभव है?

(क) कम्प्यूटर।

(ख) साफ-सफाई।

(ग) रेडियो।

(घ) टेलीविजन।

(iii) भारत में कंप्यूटर किस सन में आया?

(क)1963।

(ख)1962।

(ग) 1961।

(घ)1960।

(iv) कंप्यूटर एक --------उपकरण है।सही उत्तर होगा-

(क) सरल।

(ख) कठिन।

(ग) गैर विद्युत संचालित।

(घ) विद्युत संचालित।

(v) बच्चे किसके माध्यम से इंटरनेट पर नई से नई जानकारी प्राप्त करते हैं?

(क) कम्प्यूटर।

(ख) रेडियो।

(ग) टेलीविजन।

(घ) किताब।

अथवा

हर देश की अपनी भाषा होती है। भाषा के माध्यम से ही हम एक-दूसरे की बातों और विचारों को समझ और समझा पाते हैं। भारत देश में वैसे तो अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग भाषायें बोली जाती हैं पर ”हिन्दी“ हमारे देश की राष्ट्रभाषा है। 26 जनवरी 1950 को जब भारत का संविधान बना तो हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। लेकिन राजभाषा का दर्जा मिलने के बाद भी इसको वह सम्मान नहीं मिला जो इसे मिलना चाहिये था। हिन्दी भाषा के प्रयोग में हमें कमतर महसूस न करके इसका गर्व के साथ प्रयोग करना चाहिये एवं आने वाली पीढ़ी को भी

हिंदी को अपनाने के लिए जागरुक करना चाहिये। भारत देश विभिन्न जाति, धर्मों एवं संस्कृति का देश है जहाँ कई भाषाओं और बोलियों का प्रयोग होता है। ऐसे में यदि किसी देश की अपनी एक राष्ट्भाषा न हो तो देश में एकता की कल्पना करना असम्भव ह। भारतीय संविधान में ”हिन्दी“ को राजभाषा घोषित किया गया है जिससे इस के धागे से सब एक साथ बंधे रहें। लेकिन, राजभाषा होते हुए भी इसे वह दर्जा नहीं मिल पाया जो इसे मिलना चाहिये था। हिन्दी दिवस पर प्रत्येक विद्यालय में हिन्दी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक होना चाहिये जिसमें बच्चे बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी करें। पाठ्यक्रम में अन्य भाषाओं के नाटक एवं कहानियों के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी प्रमुख साहित्यकारों के नाटक एवं कहानियाँ सम्मिलित करनी चाहियें। अधिकतर लोग निमंत्रण पत्र एवं आपसी पत्राचार में भी अंग्रेजी भाषा का प्रयोग करते हैं। यदि निमन्त्रण पत्र हिन्दी में बनाये जाये तो लोग इन्हें पढ़कर अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति अधिक जागरुक होंगे एवं अधिक से अधिक प्रयोग करने पर गौरवान्वित महसूस करेंगे।

(i) अधिकतर लोग निमंत्रण पत्र एवं आपसी पत्राचार में किस भाषा का प्रयोग करते हैं?

(क) उर्दू भाषा।

(ख) संस्कृत भाषा।

(ग) अंग्रेजी भाषा।

(घ) हिन्दी भाषा।

(ii)भारतीय संविधान में ”हिन्दी“ को ---------घोषित किया गया है?

(क) कुलभाषा।

(ख) राष्ट्रभाषा।

(ग) राजभाषा।

(घ) मातृभाषा।

(iii) राष्ट्रभाषा के बगैर देश में किस की कल्पना करना असंभव है?

(क) विकास

(ख) मेल-मिलाप।

(ग) भाईचारा।

(घ) एकता।

(iv) भारत का संविधान कब लागू हुआ?

(क) 26 जनवरी 1951 ।

(ख) 26 जनवरी 1950 ।

(ग) 26 जनवरी 1952 ।

(घ) 26 जनवरी 1953 ।

(v) हम एक दूसरे के बातों और विचारों को किस माध्यम से समझ पाते हैं?

(क) इशारों से।

(ख) चिह्नों से।

(ग) भाषा से।

(घ) संकेतों से।

2. नीचे दो काव्यांश दिए गए हैं। किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए-
   1x5=5

पर्वत कहता शीश उठाकर,

तुम भी ऊँचे बन जाओ।

सागर कहता है लहराकर,

मन में गहराई लाओ।

समझ रहे हो क्या कहती हैं

उठ उठ गिर गिर तरल तरंग

भर लो भर लो अपने दिल में

मीठी मीठी मृदुल उमंग!

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो

कितना ही हो सिर पर भार,

नभ कहता है फैलो इतना

ढक लो तुम सारा संसार!

(i) तरल तरंगे दिल में क्या भरने के लिए कह रही हैं?

(क) खट्टी-मीठी रचनाएं।

(ख) खट्टी-मीठी भावनाएं।

(ग) खट्टी-मीठी यादें।

(घ) मीठी-मीठी उमंगे।

(ii) आकाश हमें क्या कहता है?

(क) फैलने को।

(ख) सिकुड़ने को।

(ग) बैठने को।

(घ) चलने को।

(iii) धैर्य ना छोड़ने के लिए कौन कहता है?

(क) पृथ्वी।

(ख) जल।

(ग) अग्नि।

(घ) वायु।

(iv) सागर लहराकर क्या कहता है?

(क) मन में संकल्प लाओ।

(ख) मन में गहराई लाओ।

(ग) मन में शक्ति लाओ।

(घ) मन में धैर्य लाओ।

(v) ऊंचे बनने के लिए कौन कहता है ?

(क) पर्वत।

(ख) पेड़।

(ग) बादल।

(घ) तारे।

अथवा

जी होता, चिड़िया बन जाऊँ!
मैं नभ में उड़कर सुख पाऊँ!

मैं फुदक-फुदककर डाली पर,
डोलूँ तरु की हरियाली पर,
फिर कुतर-कुतरकर फल खाऊँ!
जी होता चिड़िया बन जाऊँ!

कितना अच्छा इनका जीवन?
आज़ाद सदा इनका तन-मन!

मैं भी इन-सा गाना गाऊँ!
जी होता, चिड़िया बन जाऊँ!

जंगल-जंगल में उड़ विचरूँ,
पर्वत घाटी की सैर करूँ,
सब जग को देखूँ इठलाऊँ!
जी होता चिड़िया बन जाऊँ!

कितना स्वतंत्र इनका जीवन?
इनको न कहीं कोई बंधन!
मैं भी इनका जीवन पाऊँ!
जी होता चिड़िया बन जाऊँ

(i) कवि किस को देखकर इठलाने की बात कह रहा है?

(क) जग को।

(ख) मग को।

(ग) बाग को।

(घ) खेत को।

(ii) चिड़िया के जीवन को कवि अच्छा क्यों मान रहा है?

(क) घोंसला बनाने के लिए।

(ख) उड़ने के लिए।

(ग) तन मन की आजादी के लिए।

(घ) टहलने के लिए।

(iii) काव्यांश में फल को किस तरह खाने की इच्छा की गई है?

(क) आधा।

(ख) समूचा।

(ग) काट काट कर।

(घ) कुतर कुतर कर।

(iv) चिड़िया बनकर कवि कहां डोलना चाहता है?

(क) खेतों में।

(ख) वृक्षों के हरियाली पर।

(ग) घोंसले में।

(घ) पानी में।

(v) कवि कहां उड़ कर सुख पाना चाहता है?

(क) पर्वत पर।

(ख) धरती पर।

(ग) आकाश में।

(घ) सागर में।

## खण्ड - ख

(व्यावहारिक व्याकरण) अंक-16

3. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
1x4=4

(i) “उनतीस” शब्द में उपसर्ग है

(क) उनती।

(ख) तीस।

(ग) उन।

(घ) नतीस।

(ii) “अति” उपसर्ग वाला सही शब्द है-

(क) अतिप्रिय।

(ख) अधिक।

(ग) अंतिम।

(घ) अनिक।

(iii) “पढ़नेवाला” शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(क) ला।

(ख) वाला।

(ग) पढ़।

(घ) पढ़ने।

(iv) “इत” प्रत्यय वाला शब्द है-

(क) भौतिक

(ख) नैतिक

(ग) आनंदित।

(घ) भावुक।

(v) “अनाचार” शब्द में मूल शब्द है-

(क) चार।

(ख) आचार।

(ग) नाचार।

(घ) अना।

4. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
1x4=4

(i) “आरामकुर्सी” शब्द में समास होगा-

(क) द्विगु।

(ख) कर्मधारय।

(ग) द्वंद्व।

(घ) तत्पुरुष।

(ii) “प्रधानाध्यापक” समस्त पद का सही विग्रह होगा-

(क) प्रधान है जो साथी।

(ख) प्रधान है जो अध्यापक।

(ग) प्रधान है जो भाई।

(घ) प्रधान है जो यात्री।

(iii) “चार मासों का समाहार” का समस्त पद होगा-

(क) द्विमासा।

(ख) त्रिभाषा।

(ग) षडमासा।

(घ) चौमासा।

(iv) “द्वंद्व समास” का सही उदाहरण है-

(क) ऊपर।

(ख) नीच।

(ग) ऊंच-नीच।

(घ) ऊंच।

(v) “नीला है कंठ जिसका अर्थात शिव” यह समास विग्रह किस समास का उदाहरण है-

(क) तत्पुरुष।

(ख) बहुब्रीहि।

(ग) द्विगु।

(घ) द्वंद्व।

5. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
1x4=4

(i) “रमेश घूमने गया है” अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद होगा-

(क) निषेधवाचक।

(ख) आज्ञावाचक।

(ग) विधानवाचक।

(घ) विस्मयवाचक।

(ii) “क्या मनोज साइकिल चलाता है” अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद होगा-

(क) प्रश्नवाचक।

(ख) इच्छावाचक।

(ग) विस्मयवाचक।

(घ) निषेधवाचक।

(iii) विस्मयवाचक वाक्य का सही उदाहरण है-

(क) अरे! मनोहर आठवीं में पढ़ने लगा।,

(ख) मनोहर आठवीं में पढ़ने लगा।

(ग) क्या मनोहर आठवीं में पढ़ने लगा।

(घ) मनोहर आठवीं में नहीं पढ़ने लगा।

(iv) “सरिता विद्यालय जाती है” वाक्य का निषेध वाचक वाक्य में सही रुपांतरण होगा-

(क) सरिता विद्यालय किसके साथ जाती है?

(ख) क्या सरिता विद्यालय जाती है?

(ग) सरिता विद्यालय क्यों जाती है?

(घ) सरिता विद्यालय नहीं जाती है।,

(v) संदेहवाचक वाक्य का सही उदाहरण होगा-

(क) क्या अनुराग घर वापस आ रहा है ?

(ख) अनुराग घर वापस आ रहा होगा।,

(ग) अनुराग घर वापस नहीं आ रहा है।

(घ) अनुराग घर वापस आ रहा है।

6. निर्देशानुसार किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
1x4=4

(i) निम्नलिखित पंक्तियों में से उपमा अलंकार पहचानिए-

(क) माला फेरत जुग भया गया न मन का फेर।

(ख) मेरी भव बाधा हरो राधा नागरि सोय।

(ग हरिपद कोमल कमल से।

(घ) बरसत बारिद बूंद ।

(ii) यमक अलंकार का सही उदाहरण होगा-

(क)कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय।

(ख) कंकन किंकिंनि नूपुर धुनि सुनि ।

(ग) हरिपद कोमल कमल से।

(घ) खिले हजारों चांद तुम्हारे नैनो के आकाश में।

(iii) निम्नलिखित पंक्तियों में उत्प्रेक्षा अलंकार होगा-

(क) बालधि विशाल विकराल ज्वाल जाल मानो लंक लीलिबे को काल रसना पसारी है।

(ख) बीती विभावरी जाग री।

(ग) मजबूत शिला सी दृढ़ छाती।

(घ) सुख चपला सा दुख घन में।

(iv) रूपक अलंकार का सही उदाहरण होगा-

(क) मजबूत शिला सी दृढ़ छाती।

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला।

(ग) पायोजी मैंने राम रतन धन पायो।

(घ) खुले कोरे पृष्ठ जैसा वही उज्जवल वही पावन रूप।

(v) व्यंजनों की आवृत्ति के कारण काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है तो वहां कौन सा अलंकार होता है-

(क) उपमा।

(ख) अनुप्रास।

(ग) रूपक।

(घ) उत्प्रेक्षा ।

## खंड - ग

(पाठ्य पुस्तक) अंक-14

7.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए 1x5=5

दोनों उन्मत्त होकर बछड़ों की भांति कुलेले करते हुए घर की ओर दौड़े। वह हमारा थान है। दोनों दौडकर अपने थान पर आए और खडे हो गए। दढियल भी पीछे-पीछे दौडा चला आता था।

झूरी द्वार पर बैठा धूप खा रहा था। बैलों को देखते दौडा और उन्हें बारी-बारी से गले लगाने लगा। मित्रों की आँखों से आनंद के आंसू गिरने लगे। एक झूरी का  हाथ चाट रहा था। दढ़ियल ने जाकर बैलों की रस्सी पकड़ ली।  झूरी ने कहा -मेरे बैल हैं। 'तुम्हारे बैल कैसे ? मै मवेशीखाने से नीलाम लिए आता  ।''मै तो समझा चुराए लिए आते  हो ! चुपके से चले जाओ। मेरे बैल  हैं। मैं बेचूँगा तो बिकेंगे। किसी को मेरे बैल नीलाम करने का क्या अख्तियार है ? 'जाकर थाने मे रपट कर दूंगा।' 'मेरे बैल हैं । इसका सबूत है कि मेरे द्वार पर खड़े हैं।

(i) झूरी के बैल हैं इसका उसके पास क्या सबूत था?

(क) उसके खेत पर खड़े थे।

(ख) उसके गांव में खड़े थे।

(ग) उसके द्वार पर खड़े थे।

(घ) उसके बाग में खड़े थे।

(ii) दढ़ियल ने जाकर के क्या पकड़ ली?

(क) बैलों की पूंछ।

(ख) बैलों की रस्सी।

(ग) बैलों की सींघ।

(घ) बैलों का गर्दन।

(iii) किसने कहा कि मेरे बैल हैं?

(क) गया ने।

(ख) किसान ने।

(ग) झूरी ने।

(घ) गांववासी ने।

(iv) किनके आंख से आनंद के आंसू गिरने लगे?

(क) दढियल के।

(ख) बैलों के।

(ग) गया के।

(घ) झूरी के।

(v) झूरी कहां बैठा धूप खा रहा था?

(क) तालाब पर।

(ख) बाग में।

(ग) द्वारा पर।

(घ) खेत में।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए-
1x2=2

(i) तिब्बती भाषा में कूची कूची का क्या अर्थ है ?

(क) कृपया-कृपया

(ख) क्षमा।

(ग) हाय-हाय।

(घ) दया-दया।

(ii) तिब्बत में सबसे खतरे की जगह कौन सी थी?

(क) डाँड़े।

(ख) फरी कलिङपोङ।

(ग) चीनी किला।

(घ) ल्हासा।

9.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

रस्सी कच्चे धागे की,

खींचि रही मैं नांव।

जाने कब सुनि मेरी पुकार,

करें देव भवसागर पार।

पानी टपके कच्चे सकोरे,

व्यर्थ प्रयास हो रहे मेरे।

जी में उठती रह रह हूक,

घर जाने की चाह है घेरे।

खा खाकर कुछ पाएगा नहीं,

ना खाकर बनेगा अहंकारी।

सम खा तभी होगा समभावी,

खुलेगी सांकल बंद द्वार की।

(i) कवि ने कच्चे सकोरे की तुलना किससे की है?

(क) जीवन से।

(ख) संसार से।

(ग) घर से।

(घ) आंगन से।

(ii) काव्यांश में कवि को कहां जाने की चाह घेरे हुए हैं?

(क) बाजार जाने की।

(ख) विद्यालय जाने की।

(ग) घर जाने की।

(घ) बैंक जाने की।

(iii) कवि भवसागर से पार करने के लिए किसको पुकार रहा है?

(क) गुरू को।

(ख) देव को।

(ग) भाई को।

(घ) साथी को।

(iv) कवि कहां की सांकल खुलने की बात कर रहा है?

(क) खिड़की की।

(ख) कार्यालय की।

(ग) विद्यालय की।

(घ) बंद द्वार की।

(v) सम खाने से कवि का क्या तात्पर्य है?

(क) सम भोग करना।

(ख) अधिक भोग करना।

(ग) भोजन करना।

(घ) जलपान करना।

10.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1x2=2

(i)हस्ती चढ़िए ज्ञान कौं' से कबीरदास का क्या तात्पर्य है

(क) घोडे की सवारी।

(ख) ज्ञान प्राप्त करना।

(ग) हाथी की सवारी।

(घ) हाथ चढ़ाना।

(ii)सहज दुलीचा' को कबीर ने किसका प्रतीक माना है ?

(क) किसी जानवर का।

(ख) किसी जगह का।

(ग) ईश्वर का।

(घ) सरलता और सहजता का।